### संक्षिप्त समाचार

## पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**देहरादून, एजेंसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने नीट व यूजीसी नेट के पेपर लीक के विरोध में रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह व संजय गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार देश में नीट व यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विफल रही है। भाजपा 2014 में युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरी देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन सरकार प्रवेश परीक्षाएं भी ठीक से नहीं करा पा रही है। यह देश के मेधावी युवाओं के साथ धोखा और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जयेंद्र रमोला व महंत विनय सारस्वत ने कहा कि नीट की परीक्षा पास करने के बाद छात्र मेडिकल के फील्ड में आगे बढ़ते हैं और उनके ऊपर देश की जनता के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी होती है। लेकिन नीट जैसी परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण देश की जनता के स्वास्थ्य पर भी खतरा बना हुआ है। इसके अलावा बीते 18 जून को यूजीसी नेट परीक्षा का पेपर लीक हो गया। जिसके चलते 19 जून को परीक्षा को रद्द किया गया। यह परीक्षा में शामिल होने वाले करीब 11 लाख परीक्षार्थियों के लिए एक बड़ा झटका है। इस मौके पर मदन मोहन शर्मा, ऋषि सिंघल, विजयपाल रावत, प्रवीण गर्ग, राजेश शाह, मुकेश जाटव, जगत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# पहले चरण की उड़ान पूरी, लौटे सात कंपनियों के हेलिकॉप्टर, 10027 शटल

**देहरादून, एजेंसी।**
यात्रा के पहले चरण में 10 मई को कपाटोद्घाटन से लेकर 20 जून तक 42 दिन में इन हेलिकॉप्टर से कुल 56,110 यात्री धाम पहुंचे। जबकि 56624 यात्री दर्शन कर वापस लौटे। इस दौरान हेलिकॉप्टर ने 10,027 शटल कीं, जो बीते वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। केदारनाथ यात्रा से सात हेली कंपनियों के हेलिकॉप्टर वापस लौट गए हैं। शनिवार से रोटेशन में तीन हेली कंपनियों के हेलिकॉप्टर केदारघाटी के अलग-अलग हेलिपैड से धाम में लिए उड़ान भरेंगे। वहीं, आगामी 10 जुलाई से मानसून सीजन में दो कंपनी अपनी सेवाएं देती रहेंगी। 10 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष आठ हेली कंपनियों के नौ हेलिकॉप्टर ने गुप्तकाशी, फाटा और



शेरसी के अलग-अलग हेलिपैड से अपनी सेवाएं शुरू की थीं। यात्रा के पहले चरण में 10 मई को कपाटोद्घाटन से लेकर 20 जून तक 42 दिन में इन हेलिकॉप्टर से कुल 56,110 यात्री धाम पहुंचे। जबकि 56624 यात्री दर्शन कर वापस लौटे। इस दौरान हेलिकॉप्टर ने 10,027 शटल कीं, जो बीते वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। शनिवार को यात्रा से सात हेली कंपनियों के हेलिकॉप्टर केदारनाथ यात्रा से वापस लौट गए हैं, जिसमें ट्रांस भारत, आर्यन, पवनहंस, थुंबी, हिमालन, एरो और क्रिस्टल एविऐशन के हेलिकॉप्टर शामिल हैं। वहीं, शुक्रवार को ग्लोबल वेक्ट्रा कंपनी के हेलिकॉप्टर धाम के लिए अपनी नियमित उड़ान भरता रहा ज बकि शनिवार को हिमालयन एविएशन का हेलिकॉप्टर पुन~ वापस लौटेगा और आगामी 10 जुलाई तक ग्लोबल वेक्टा कंपनी के साथ रोटेशन में अपनी हेलिकॉप्टर का सेवा का संचालन करता रहेगा। इसके बाद, आगामी 10 जुलाई से पूरे मानसून सीजन में ट्रांस भारत और हिमालयन हेली कंपनी के हेलिकॉप्टर केदारनाथ के लिए उड़ान भरते रहेंगे। आपदा के बाद यह पहला मौका है, जब हेली कंपनियों ने मानसून सीजन को देखते हुए अपनी पहले चरण की सेवा को 20 जून तक ही संचालित किया है। बीते वर्षों तक 25 जून से 2 से 3 जुलाई तक हेलिकॉप्टर उड़ान भरते थे। केदारनाथ यात्रा में हेली कंपनियों ने पहले चरण की सेवाएं पूरी कर दी हैं। सात हेली कंपनियों के हेलिकॉप्टर वापस लौट गए हैं। शनिवार से दो हेली कंपनियां रोटेशन में अपनी सेवाएं देंगी।

## केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा बोले- खतरनाक जगहों पर बनेगी टनल, हो रहा सर्वे

**देहरादून, एजेंसी।** आदि कैलाश के दर्शन कर लौटे मंत्री अजय टम्टा ने दिल्ली जाते समय पत्रकारों से कहा कि चंपावत बाईपास को अगले महीने तक स्वीकृत करा लिया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि धारचूला से आदि कैलाश तक एक-दो खतरनाक जगहों पर टनल बनाने के लिए सर्वे किया जा रहा है। कहा कि हापुड़ बैंड पर नैनीताल, अल्मोड़ा और आदि कैलाश के साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। आदि कैलाश के दर्शन कर लौटे मंत्री अजय टम्टा ने दिल्ली जाते समय पत्रकारों से कहा कि चंपावत बाईपास को अगले महीने तक स्वीकृत करा लिया जाएगा। मुडियानी से तिलौन तक 328 करोड़ की लागत से 9.8 किमी सड़क बनाई जाएगी। लोहाघाट बाईपास को भी मंजूरी दिलाई जाएगी। देवराड़ी बैंड से पाटन पाटनी तक 6.4 किमी सड़क में टनल भी बनाई जाएगी। इसके लिए ड्रोन से सर्वे शुरू कर दिया है। पिथौरागढ़ में 14 किमी लंबा बाईपास बनेगा। इसमें 2.50 किमी टनल का प्रस्ताव है जो ऐंचोली से निकलेगा और सातशिलिंग में मिलेगा। इसके लिए भी सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पनार से अल्मोड़ा 77 किमी टू-लेन सड़क बनाने की प्रक्रिया गतिमान है। मंत्री ने बताया कि अल्मोड़ा से ताकुला-बागेश्वर-उडियारी बैंड तक टू-लेन सड़क की मंजूरी मिली है। उडियारी बैंड से घाट तक भी टू-लेन सड़क की डीपीआर बनवाई जाएगी। कहा कि चंपावत में स्वाला के पास डेंजर जोन में पुल निर्माण के लिए सर्वे किया जा रहा है। धारचूला से आदि कैलाश तक सड़क बेहतर हो, यात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए बीआरओ अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मंत्री ने कहा कि बरसात के सीजन में सड़कें बंद न हों इसके लिए अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सरकारी समितियां में आरक्षण होने से महिलाएं आर्थिक तौर पर मजबूत: आशा नौटियाल

**देहरादून ( दैनिक हाक ):** महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकारी समितियां में महिलाओं को 33 फ़ीसदी आरक्षण देने का फैसला किया है। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

महिला प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि प्रदेश सरकार निरंतर महिलाओं के उत्थान को लेकर काम कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय किया है।

प्रदेश की 670 सहकारी समितियां में महिलाओं को 33 फ़ीसदी आरक्षण मिलेगा। प्रदेश में तकरीबन 4000 महिलाएं से लाभान्वित होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धामी का यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा

भाजपा महिला मोर्चा ने सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत का भी आभार जताया है। कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है जहां सहकारी समितियां में महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है।



## उपचुनाव को लेकर इण्डिया गठबंधन के दलों ने दिखाई एकजुटता, प्रत्याशियों को जिताने का लिया संकल्प

**देहरादून ( दैनिक हाक ):** रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में इंडिया गठबंधन एवं सिविल सोसाइटी की अहम बैठक हुई। बैठक में विधानसभा उपचुनाव को लेकर गठबंधन के दलों ने एकजुटता दिखाई। इण्डिया गठबंधन ने कहा कि लोकसभा चुनावों में गठबंधन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। गठबंधन के सभी दलों ने एकजुटता दिखाते हुए बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प भी लिया है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने संयुक्त रूप से काफी अच्छा प्रदर्शन किया। बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में भी हम एकजुटता के साथ चुनाव लड़कर भाजपा की विघटनकारी नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।

सीपीआई एलएल के प्रदेश सचिव इन्द्रेश मैखुरी ने कहा कि बद्रीनाथ एवं मंगलौर विधानसभा चुनाव मे हम एकबार फिर गठबन्धन धर्म का पालन करते हुए दोनों प्रत्याशियों की विजय के लिए भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता हमारे साथ है तथा हमें चुनाव प्रचार में बूथ स्तर तक घर–घर पहुंचकर प्रचार में जुटना होगा।

इंसानियत मंच के रवि चोपड़ा ने कहा कि हमें भाजपा के इस कुचक्र से सावधान रहना है तथा भाजपा की जन विरोधी, गरीब विरोधी, बेरोजगार नौजवान विराधी नीतियों को जनता तक पहुंचाना है।

भारत जोड़ो अभियान के उत्तराखण्ड संयोजक भुवन पाठक ने कहा कि हम लोकसभा में मिले जनादेश का स्वागत करते हैं देश की जनता ने एक मजबूत विपक्ष दिया है जो जनता की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लडेगा।

सीपीआई के नेशनल काउंसिल मेंम्बर समर भण्डारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य एकजुटता के साथ उपचुनाव में भाजपा को हराना है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र में सीपीआई का अच्छा प्रभाव है तथा हमारे सभी कार्यकर्ता गठबन्धन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए काम करेंगे।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ0 एस.एन. सचान ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे हम उत्तराखण्ड राज्य में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद कामयाब नहीं हो पाये इसका हमें मलाल है परन्तु विधानसभा उपचुनाव में हम जनता के आशीर्वाद से जरूर कामयाब होंगे तथा दोनों विधानसभा क्षेत्रों में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे जिसके लिए हमें संयुक्त रूप से जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे।

महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बिष्ट ने कहा कि हमें इंडिया गठबन्धन, सिविल सोसाइटी तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय करना होगा जिससे हमें उपचुनाव में अपेक्षापूर्ण परिणाम हांसिल होंगे।

बैठक को किसान सभा के सुरेन्द्र सजवाण, कांग्रेस महामंत्री आनन्द रावत, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट, वरिष्ठ समाज सेवी त्रिलोचन भट्ट, भारत जोड़ो अभियान की नन्दिनी आर्य एवं चेतना आन्दोलन के शंकर गोपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक मे निर्णय लिया गया कि नन्दिनी आर्य उपचुनाव में गठबन्धन एवं सिविल सोइटी की सोशल मीडिया इंचार्ज होंगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गठबन्धन की अगली बैठक 29 जून को मंगलौर में तथा 1 जुलाई को गोपेश्वर में आयोजित की जायेगी।



# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश में बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन "Zero casualty approach" के साथ आगे बढ़ रहा है**
- **केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र, आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए: गृह मंत्री**
- **उत्तरपूर्व में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट करने की व्यवस्था हो, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व पर्यटन विकसित हों**
- **नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों**
- **बाढ़ की स्थिति में जल-भराव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी का प्रावधान हो**

**नई दिल्ली ( दैनिक हाक ):** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। केन्द्रीय गृह मंत्री ने देश में बाढ़ की समस्या कम करने के लिए व्यापक और दूरगामी नीति तैयार करने के दीर्घकालिक उपायों की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने पिछले साल हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी बैठक के दौरान चर्चा हुई। श्री अमित शाह ने ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (ळस्व्थ्) से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (प्ैत्व्) द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजिज़ के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन "मतव बेंनंसजल चचतवंबी" के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए छक्ड। द्वारा जारी एडवाइज़री को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों को हर साल 'बंसपइतंजम' करना चाहिए। श्री शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। श्री शाह ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। श्री शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट करने की व्यवस्था हो, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व् पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

श्री अमित शाह ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (छक्ड।) और पर्यावरण मंत्रालय को आग लगने से पहले ही इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए नियमित रूप से फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ समय–समय पर मॉक ड्रिल करने की ज़रूरत पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक ही स्थान पर बार–बार आग लगने की घटनाओं का विश्लेषण करने को भी कहा। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग की घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत मैनुअल तैयार करने को भी कहा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिजली गिरने को लेकर मौसम विभाग की चेतावनियों को ैडै, ज्ट, थ्ड रेडियो और अन्य माध्यमों से समय पर जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकसित मौसम, वर्षा और बाढ़ चेतावनी संबंधित एप्स को एकीकृत किए जाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, जिससे इनका लाभ लक्षित आबादी तक पहुंच सके। श्री शाह ने निर्देश दिया कि चूंकि बाढ़ सहित किसी भी आपदा के समय समुदाय ही सबसे पहला त्मेचवदकमत होता है यानि आपदा से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाता है, इसलिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों में तालमेल होना चाहिए तथा इन्हें एकीकृत किया जाना चाहिए, ताकि इनका अधिकतम प्रभाव हो सके।

बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग (प्डक), केन्द्रीय जल आयोग (ब्ब्), छक्त्थ् और छक्ड। ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी संबंधित विभागों ने पिछले साल हुई बाढ़ समीक्षा बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने मौजूदा मानसून के लिए की गई अपनी तैयारियों और भविष्य की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी साझा की।

बैठक में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय गृह सचिव, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालयों एवं विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष, छक्ड। के सदस्य और विभागाध्यक्ष, छक्त्थ् और प्डक के महानिदेशक, छभ्।प् के अध्यक्ष और ब्ब् सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





TATA

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 11वां तल, टावर ए, पेनिंसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुम्बई 400013
शाखा का पता: टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 59/3, द्वितीय तल, आईडीबीआई बैंक के ऊपर राजपुर रोड, देहरादून उत्तराखण्ड पिन कोड- 248001

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये बिक्री सूचना**
( प्रतिभूति हित ( प्रवर्त्तन ) नियमावली, 2002 के नियम 9( 1 ) के साथ पठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत

**प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली, 2002 के नियम 8( 6 ) तथा नियम 9 ( 1 ) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना**
एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल) के पास गिरवी नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (प्रतिभूति क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा कर लिया गया है, कुल राशि की वसूली के लिये 'जैसा है जहां है' एवं 'जो भी वहां है' तथा 'जो भी जैसा है' के आधार पर **25.07.2024** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि का विवरण नीचे वर्णित है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के स्थगन/रोकने की अनुपस्थिति में उक्त सम्पत्ति की ई-नीलामी **25.07.2024** को 2:00 बजे अपरान्ह में की जाएगी। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मुहरबन्द ई-नीलामी **24.07.2024** के **5.00** बजे अप. तक अथवा उससे पूर्व शाखा कार्यालय टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 59/3, द्वितीय तल, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, राजपुर रोड, देहरादून उत्तराखण्ड, पिन कोड- 248001 पर प्राप्त की जाएगी।
सुरक्षित / अचल सम्पत्ति की बिक्री 'जैसा है जहां है' के आधार पर निम्न वर्णित संक्षिप्त विवरणानुसार की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋणधारक और सह ऋणधारक व कानूनी उत्तराधिकारी( ओं )/ कानूनी प्रतिनिधी ( यों )/गारंटर( रों ) के नाम | मांग सूचना के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम धनराशि | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 10463296 | 1. स्व. श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी पुत्र श्री राज कुमार सैनी- ऋणधारक द्वारा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों I. श्रीमती रितेश सैनी पत्नी श्री राज कुमार सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी II. श्रीमती गरिमा अरोड़ा उर्फ गरिमा सैनी पत्नी श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी III. श्री रुद्र सैनी पुत्र श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी IV. श्री शिवाय सैनी पुत्र रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी, श्रीमती गरिमा अरोड़ा उर्फ गरिमा सैनी पत्नी श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- सह ऋणधारक/कानूनी उत्तराधिकारी, श्रीमती रितेश सैनी पत्नी श्री राज कुमार सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी, श्री रुद्र सैनी पुत्र श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी, श्री शिवाय सैनी पुत्र श्री रजनीश कुमार उर्फ रजनीश सैनी- कानूनी उत्तराधिकारी | रु. 22,96,533/- 16-02-2022 | रु. 31,70,000/- ( रुपये इकतीस लाख सत्तर हजार मात्र ) | रु. 3,17,000/- (रुपये तीन लाख सत्रह हजार मात्र) | भौतिक |

**अचल सम्पत्ति का विवरण:** बिक्री प्रलेख एवं उपहार प्रलेख में वर्णित सभी सामूहिक सुविधाओं के साथ मोहल्ला आजाद नगर, नगर निगम की सीमा के भीतर, तहसील एवं परगना रुड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में स्थित निर्मित आवासीय मकान जिसका एमसी नम्बर 805/34बी है, माप 689.75 वर्ग फीट (31'.00''X22'.3''.) अर्थात् 64.103 वर्ग मीटर, कुल कवर्ड एरिया 746.88 वर्ग फीट अर्थात् 69.41 वर्ग मीटर जो खसरा नम्बर 1009 में शामिल है का सभी भाग तथा हिस्सा। **चौहद्दी:- पूर्व:-** मुकेश त्यागी की सम्पत्ति, **पश्चिम:-** रविन्दर कुमार, **उत्तर:-** प्लॉट, **दक्षिण:-** 14' चौड़ी रोड।
**टिप्पणी:** टीसीएचएफएल के विरूद्ध सह-ऋणधारक द्वारा दाखिल पीएलए शिकायत (41/2022) अभी स्थाई लोक अदालत, हरिद्वार के समक्ष लम्बित है। उक्त मामले में टीसीएचएफएल के विरूद्ध कोई स्थगन आदेश पारित नहीं की गई है।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने से पूर्व ड्यू डिलिजिन्स कर लें। बिक्री प्रमाणपत्र पंजीकृत कराने का दायित्व तथा उत्तरदायित्व केवल बोलीदाता का होगा।

नीलामी में जनसामान्य को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली जमा करने के लिए आमन्त्रित किया जाता है। ऋणकर्ता(ओं)/ सहऋणकर्ता(ओं) को अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे सूचना प्रकाशन के **30 दिन** के भीतर समस्त बकाया आगे के ब्याज सहित भुगतान कर दें अन्यथा अचल सम्पत्ति की बिक्री अनुसूची के अनुसार कर दी जायेगी। यदि प्राधिकृत अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाये, ब्याज एवं लागत (बिक्री लागत आदि) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रतिभूति ऋण की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो यह बिक्री रोक दी जाएगी। ऐसे किसी भी अधिकारी या व्यक्ति जिन्हें इस बिक्री के सिलसिले में किसी भी प्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करना हो, चाहे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति में कोई हित अर्जित या अर्जित करने का प्रयास नहीं करेंगे। यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों तथा अधोलिखित शर्तों के अधीन होगी।
**नोट: ई-नीलामी बिक्री उपरोक्त लिखित तिथि को 10 मिनट प्रत्येक के सीमित विस्तार के साथ पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से 25.07.2024 को अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित की जायेगी।**

**नियम एवं शर्तें:-**
1. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत किये गये हैं, लेकिन इस उद्घोषणा में किसी गलती अथवा खामी के लिये अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से सम्बन्धित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से नीलामी पर प्रस्तुत किया जायेगा। 2. आरक्षित मूल्य से कम में सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी। 3. बोली वृद्धि राशि **रू. 10,000/- ( रूपये दस हजार मात्र )** होगी। 4. सम्पत्ति की खरीद के लिये जमा की गई सभी निविदाओं के साथ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.'** के पक्ष में शाखा कार्यालय के पते पर देय भुगतान योग्य डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा धरोहर राशि संलग्न की जायेगी। असफल बोलीदाता का डिमाण्ड ड्राफ्ट नीलामी के बाद वापस लौटा दिया जायेगा। अग्रिम धनराशि एनईएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस द्वारा जमा करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें। 5. उच्चतम बोलीदाता को इसी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा बशर्तें वे कानूनी रूप से बोली करने के लिये योग्य हों तथा उनके द्वारा जमा राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं हो। यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होता है तो प्राधिकृत अधिकारी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को अस्वीकार कर सकते हैं। 6. दर्ज कारणों से प्राधिकृत अधिकारी को स्वेच्छा से बिक्री को स्थगित करने/रोकने का अधिकार है। 7. सम्पत्ति का निरीक्षण **18.07.2024** (निरीक्षण दिनांक) को **11 बजे पूर्वा. से 5.00 बजे सायं** तक पूर्व नियुक्ति पर किया जा सकता है। 8. सफल क्रेता घोषित किये जाने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी के पास 25 प्रतिशत क्रय मूल्य जिसमें ईएमडी राशि शामिल है, का भुगतान 24 घण्टे के भीतर करना होगा तथा उसे जमा करने में विफल होने पर सम्पत्ति की फिर से नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री की जायेगी। 9. यदि उपरोक्त रूप से आरम्भिक जमा की जाती है तो शेष क्रय मूल्य का भुगतान क्रेता को सम्पत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उस दिन को छोड़कर, अथवा यदि 15 वां दिन अवकाश या रविवार होता है तो पन्द्रहवें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस में प्राधिकृत अधिकारी के पास करना होगा। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक करने पर सम्पत्ति की फिर से नीलामी/निजी संधि के द्वारा सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी। ईएमडी सहित जमा की गई राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. के लिये जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस सम्पत्ति अथवा उस राशि के किसी भाग से वंचित हो जाएंगे जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी। 11. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. को ज्ञात ऐसे किसी अधिभारों का विवरण जो सम्पत्ति पर देय है: उपरोक्त तालिका के अनुसार। सम्पत्ति पर प्रस्तुत की गई दावे तथा उस प्रकृति एवं मूल्य के अन्य किसी ज्ञात अधिकारों का विवरण: ऊपर तालिका के अनुसार, इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि सांविधिक देयताओं, सम्पत्ति कर, बिजली के बकाये आदि सहित सम्पत्ति पर अधिभारों से सम्बन्धित अपनी स्वयं की स्वतन्त्र जांच कर लें। 12. **अन्य किसी विवरणों अथवा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रक्रिया के लिये सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, M/s. 4Closure, Block No.605 A, 6th Floor, Maitrivanam Commercial Complex, Ameerpet, Hyderabad - 500038 समन्वयकों के माध्यम से श्री अरिजीत कुमार दास, 8142000725, 8142000066, 8142000062 इमेल :- arijit@bankauctions.in एवं इमेल : info@bankauctions.in से अथवा मनीष बंसल, ईमेल आईडी: Manish.Bansal@tatacapital.com, प्राधिकृत अधिकारी, मोबाइल नम्बर 8588983696. कृपया अपना प्रश्न WhatsApp नम्बर- 9999078669 पर भेजें।** 13. उच्चतम बोलीदाता पर 1% टीडीएस लागू होगा जो उसे उच्चतम घोषित बोली की धनराशि पर देय होगा। इस धनराशि को उसे स्वामी/ऋणकर्ता के PAN में जमा करना होगा और चालान की प्रति कम्पनी को देनी होगी। 14. उपरोक्त विवरणों के लिये कृपया प्रतिभूत क्रेडीटर की वेबसाईट में दी गई लिंक **website http://surl.li/ukgiy** देखें। 15. कृपया लिंक पर भी जाएं https://www.tatacapital.com/property-disposal.html
**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति की बिक्री के लिये उपरोक्त वर्णित बिक्री सहभागी के अतिरिक्त किसी दलाल/प्रतिनिधि को नियुक्त नहीं किया है। इच्छुक व्यक्ति को समस्त प्रकार की जानकारी के लिए केवल अधोलिखित प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए।

ह./-
**स्थान:** हरिद्वार
**दिनांक:** 24.06.2024
प्राधिकृत अधिकारी,
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड